तुरंत रिलीज के लिए

## अलेक्ट्रा, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में 400 कर्मचारियों वाला नया LEED प्रमाणित ऑपरेशन्स सेंटर खोलेगी

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (15 जून, 2021) – पिछले सप्ताह, ब्रैम्पटन की कमेटी ऑफ काउंसिल (Committee of Council) की मीटिंग में, अलेक्ट्रा (Alectra) ने ब्रैम्पटन में 200 केनेडी रोड साउथ (200 Kennedy Road South) में स्थित बिल्कुल नए स्थिर ऑपरेशन्स सेंटर के निर्माण के लिए अपनी योजना की घोषणा की।

नई जगह के एक किलोमीटर के अंदर, रिटेल सेक्टर में 78 और रिहायश और फूड संबंधी सेवाओं में 55 कारोबार हैं। इस क्षेत्र में मौजूदा साइट पर ढाई गुणा अधिक नौकरियों पर - 400 कर्मचारियों को लाते हुए, अलेक्ट्रा, ऑपरेशन्स सेंटर के पास मौजूद, ब्रैम्पटन के रिटेल और फूड कारोबारों को मज़बूत बनाएगी, जिससे भविष्य में शहर की लोकल अर्थव्यवस्था की बहाली और वृद्धि में सहायता मिलेगी।

स्थिरता के प्रति सिटी की प्रतिबद्धता के मुताबिक, नई फैसिलिटी, गोल्ड स्टैंडर्ड (Gold Standard) के लिए LEED (लीडरशिप इन एनर्जी एंड एन्वायरनमेंटल डिज़ाइन) (Leadership in Energy and Environmental Design) प्रमाणित होगी। यह ब्रैम्पटन और मिसीसागा (Mississauga) में सेवा देते हुए, 400 से अधिक अलेक्ट्रा कर्मचारियों के लिए संयुक्त ऑपरेशन्स सेंटर के तौर पर काम करेगी।

कुछ LEED प्रमाणित बिल्डिंग विशेषताओं में ये शामिल होंगी:

- अपग्रेड किए गए समर्पित आउटडोर एयर सिस्टम (डी.ओ.ए.एस.) (DOAS) – जी.एच.जी. (GHG) निकासियों को LEED गोल्ड स्टैंडर्ड्स से भी आगे, लगभग 43% तक कम करना
- 500KW की रूफटॉप सोलर पावर जेनरेशन - 800 मेगावाट/वर्ष से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा, बिल्डिंग की बिजली संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी
- 30 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे और अलेक्ट्रा फ्लीट वाहनों, कर्मचारियों और आम जनता द्वारा इनका प्रयोग किया जाएगा

अगस्त 2021 के लिए अस्थायी तौर पर एक शानदार समारोह तय किया गया है और प्रोजेक्ट, अगस्त 2023 में पूरा किए जाने की योजना है।

अलेक्ट्रा के बारे में यहां (here) अधिक जानकारी प्राप्त करें। ब्रैम्पटन में आर्थिक विकास के बारे में यहां (here) अधिक जानकारी प्राप्त करें।

**अलेक्ट्रा इंक. के बारे में**

ओनटैरियो के ग्रेटर गोल्डन हॉरसशू (Greater Golden Horseshoe) क्षेत्र में एक मिलियन से अधिक घरों और कारोबारों को सेवा देते हुए, अलेक्ट्रा के द्वारा जिन ग्राहकों को सेवा दी गई, उन ग्राहकों की कुल संख्या के आधार पर, अलेक्ट्रा यूटिलिटीज (Alectra Utilities) अब केनेडा में म्युनिसिपल्टी के स्वामित्व वाली सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक यूटिलिटी है। वे, जरूरी ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश करके, बिजली की सुरक्षित और भरोसेमंद सप्लाई प्रदान करके और नए ऊर्जा समाधान प्रदान करके, उन 17 कम्युनिटीज की आर्थिक वृद्धि और खुशहाली में योगदान देते हैं, जिनके लिए वे सेवा देते हैं।

अलेक्ट्रा का मिशन, आने वाले कल के ऊर्जा भविष्य की संभावनाएं खोजने के लिए, उन ग्राहकों और कम्युनिटीज की मदद करके, जिन्हें वह सेवा देती है, एक ऊर्जा सहायक बनना है।

**हवाले**

"ब्रैम्पटन एक ग्रीन सिटी है और हमारे साझेदारों के साथ इकट्ठे मिलकर हम, बहुत ही स्थिर कम्युनिटी बनाने और जलवायु संबंधी बदलाव में हमारी स्थिरता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम खुश हैं कि अलेक्ट्रा ने अपने नए ऑपरेशन्स सेंटर की साइट के लिए ब्रैम्पटन का चयन किया है। हम, बढ़े हुए फायदे देखने के लिए उत्साहित हैं, जो यह नई जगह, केनेडी रोड क्षेत्र में लोकल कारोबारों के लिए लेकर आएगी।"

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन, शहर में पैदा होने वाली ग्रीनहाउस गैस निकासियों को, 2050 तक 80 प्रतिशत तक कम करने के सफर पर है और जानता है कि ऐसा करने के लिए, हमारी संपूर्ण कम्युनिटी के साझेदारों को सामूहिक प्रयास करने होंगे। हम अलेक्ट्रा की, गोल्ड स्टैंडर्ड के लिए LEED प्रमाणित नया ऑपरेशन्स सेंटर खोलने की योजना से खुश हैं। साथ ही, हम 400 कर्मचारियों को लेकर उत्साहित हैं, जो ब्रैम्पटन के नजदीकी शानदार फूड और रिटेल कारोबारों का अनुभव लेने के लिए इस सेंटर में काम करेंगे।"

*- मार्टिन मेडेइरोस (Martin Medeiros), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 3 और 4; चेयर, इकोनॉमिक डिवेल्पमेंट, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन ऐसा आर्थिक वातावरण पेश करता है, जो निवेश में सहायता करता है और कारोबारों को हमारी लोकल अर्थव्यवस्था के साथ विकसित होने देता है। हम, ब्रैम्पटन के अंदर विस्तार करने के अलेक्ट्रा के फैसले का स्वागत करते हैं। यह प्रोजेक्ट निर्माण संबंधी नौकरियां लाएगा और पूरा होने पर, 400 व्यक्तियों वाली इस साइट का अतिरिक्त फायदा, क्षेत्र के लोकल कारोबारियों के लिए खुशी की बात है।"

*- पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; वाइस-चेयर, इकोनॉमिक डिवेल्पमेंट एंड कल्चर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन को यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि अलेक्ट्रा ने, अपने नए ऑपरेशन्स सेंटर की जगह के तौर पर हमारे ग्रीन सिटी का चयन किया है। नई LEED प्रमाणित फैसिलिटी, जी.एच.जी. निकासियों को कम करने और क्षेत्र में खास नौकरियां लाने में मदद करेगी, जिससे लोकल कारोबारों की बहाली में सहायता मिलेगी। वार्ड 3 के द्वारा, हम क्षेत्र में उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं।"

- *जेफ बोमैन (Jeff Bowman), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 3 और 4, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के स्टाफ की ओर से हम, 200 केनेडी रोड साउथ, ब्रैम्पटन में बनने वाली उनके ऑपरेशन्स सेंटर के लिए अलेक्ट्रा को बधाई देते हैं। हम, टर्म ऑफ काउंसिल प्राइरिटी: ब्रैम्पटन एक ग्रीन सिटी है, को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमारी संपूर्ण कम्युनिटी के सभी साझेदारों का स्वागत करते हैं, जो जलवायु संबंधी बदलाव में स्थिरता को बढ़ाने और ऊर्जा क्षमता में सुधार करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में हमारा साथ देते हैं।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“एक स्थिर कंपनी के तौर पर, अलेक्ट्रा नए ऊर्जा समाधान इस्तेमाल करके, हमारे वातावरण में छोड़ी जाने वाली कार्बन की मात्रा को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह नई बिल्डिंग न केवल रीजन ऑफ पील में ग्राहकों के लिए हमारे सेवा लेवल्स में सुधार करेगी, बल्कि यह 2050 तक नेट ज़ीरो (साफ हवा होना और कार्बन निकासियों का कम होना) बनने के हमारे सफर में भी हमारी मदद करेगी।”

- *जेम्स मेकम्बर (James Macumber), वाइस प्रेजिडेंट, सप्लाई चेन, अलेक्ट्रा यूटिलिटीज*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca